**भारत सरकार**
**विदेश मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या – 4368**
**दिनांक 20.12.2024 को उत्तर दिए जाने के लिए**

## केरल में पासपोर्ट सेवा केंद्र

**4368. श्री राजमोहन उन्नीथनः**

क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या केरल राज्य के पय्यानूर और कासरगोड प्रधान डाकघर में प्रचालनशील पासपोर्ट सेवा केंद्रों में शिशुओं और वृद्ध लोगों सहित पासपोर्ट की आवश्यकता वाले लोगों के लिए बैठने की पर्याप्त व्यवस्था अथवा अन्य सुविधाएं नहीं हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है;

(ग) क्या विदेश मंत्रालय द्वारा पासपोर्ट सेवा केन्द्रों का किसी अन्य सुविधाजनक स्थान पर स्थानांतरण करके अथवा इन केन्द्रों में अतिरिक्त सुविधाओं की व्यवस्था करके इस समस्या के समाधान हेतु आवश्यक कदम उठाए गए हैं; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

**विदेश राज्य मंत्री**
**(श्री कीर्ति वर्धन सिंह)**

(क) से (घ) पय्यानूर में पासपोर्ट सेवा केंद्र (पीएसके) और कासरगोड में डाक घर पासपोर्ट सेवा केंद्र (पीओपीएसके) में बैठने की पर्याप्त व्यवस्था और अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हैं। पीएसके पय्यानूर और पीओपीएसके कासरगोड में प्रतिदिन क्रमशः कुल 570 और 90 अपॉइंटमेंट जारी किए जा रहे हैं और इन दोनों स्थानों पर अपॉइंटमेंट 2 से 4 कार्य दिवसों के भीतर उपलब्ध हैं। पीएसके/पीओपीएसके के लिए अपॉइंटमेंट

स्लॉट आधारित प्रणाली के माध्यम से जारी किए जाते हैं। प्रत्येक स्लॉट में निर्दिष्ट संख्या में आवेदकों को समायोजित किया जाता है, जिससे किसी भी समय आने वाले लोगों के लिए उपयुक्त प्रबंध व्यवस्था सुनिश्चित रहती है। अतः आवेदकों के लिए उसी के अनुसार बैठने की पर्याप्त व्यवस्था और अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। इसे देखते हुए, पीएसके पय्यानूर और पीओपीएसके कासरगोड को किसी अन्य स्थान पर स्थानांतरित करने की कोई योजना नहीं है।

*****